## संक्षिप्त समाचार

### राजेश सर्राफ श्री शांतिनाथ युवा मंडल अध्यक्ष मनोनीत

सीमा संदेश संवाददाता

देवली। मंगलवार को श्री शांतिनाथ युवा मंडल की मीटिंग में अध्यक्ष ज्ञानचंद खेड़ा वालो ने कार्यकारणी भंग करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक सुरेश चंद केकड़ी वाले, संजय जैन कालेड़ा वाले व अध्यक्ष राजेश सर्राफ एवं उपाध्यक्ष राकेश बाजटा वाले अशोक कालेड़ा वाले व महामंत्री पारस बाजटा वाले मंत्री सत्यप्रकाश बघेरा वाले सहमंत्री उत्तम जैन कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र जैन सावर वाले सहकोसाध्यक्ष विनोद कुमार सावर वाले और प्रवक्ता मुकेश जैन सावर वालों को बनाया गया यह जानकारी मंडल मंत्री सत्यप्रकाश एवं प्रवक्ता मुकेश सावर द्वारा प्रदान की गई। इस दौरान कार्यकारणी के सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### मानक लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

देवली। बुधवार को मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय देवली टोंक में भारतीय मानक ब्यूरो सौजन्य से मानक ब्यूरो लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विद्यालय की प्रधानाचार्य सुशीला देवी मीणा व उपप्राचार्य अर्पणा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेहाना, निशा द्वितीय स्थान पूजा कुमावत, प्रेक्षा ठागरिया तृतीय स्थान महिमा शर्मा, चंचल मरेठा चतुर्थ स्थान रूपेश, अरिहंत जैन ने प्राप्त किया और विजेताओं को भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो के मेंटर टीचर जितेन्द्र कुमार के अनुसार समय-समय पर विद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा संचालित गतिविधि करवाई जाती है, प्रतियोगिता मैं अंजूलता पारीक, वंदना शर्मा, राजेश कुमार जैन को निर्णायक बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकुमार शर्मा,नोरतमल मीणा, श्रद्धा मीणा,आशा मीणा आदि सभी उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण के पश्चात मानक क्लब के सभी सदस्यों व स्थानीय विद्यालय के समस्त स्टाफ के लिए अल्पाहार व जलपान की व्यवस्था की गई।

### प्रबुद्धजनों की उपस्थित में किया होली का डांडा रोपण

सीमा संदेश संवाददाता

पावटा। कस्बा पावटा में माघ शुक्ल पूर्णिमा पर बुधवार को गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पूर्ण विधि विधान के साथ भक्त प्रहलाद का प्रतीक डांडा रोपण किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी ने बताया कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर डांडा रोपण के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हिन्दू धर्म का पवित्र त्योहार होली के त्योहार का प्रारम्भ हुआ है। होली का त्योहार सभी क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शान्ति व समृद्धि लेकर आये इसी कामना के साथ ग्राम के प्रबुद्धजनो की मौजूदगी में भक्त प्रहलाद का प्रतीक डांडे की स्थापना की गई। इस अवसर पर ठाकुर भवानी सिंह, मीड़िया संयोजक विराटनगर विधानसभा श्रीकान्त मिश्रा, बद्री प्रसाद चौहान, विष्णु शर्मा, कालू राठी, सोनू अग्रवाल, चन्द्रमोहन सैन, कैलाश बटवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### छात्रा को पीसी टेबलेट मिलने पर जताया हर्ष

सीमा संदेश संवाददाता

पावटा। जिला मेरिट 2023-24 कोटपूतली- बहरोड़ आठवीं बोर्ड टेबलेट वितरण सूची में राज्य स्तर पर नचिता जाट के बाद छात्रा अंजू जाट सुपुत्री दाताराम रूण्डला को रा उ प्रा वि छानी की ढ़ाणी (वीर तेजाजी नगर) में आठवीं बोर्ड पीसी टेबलेट दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक जन्सी कुमार जाट, छात्रा के दादाजी सरदार मल जाट, शशि भूषण भारद्वाज, सन्तोष कुमार, गजेन्द्र सिंह, रामस्वरूप चाहर, हेमराज, हरिओम, परविन्दर कुमार, शारीरिक शिक्षक मुकेश कुमार सामोता ने हर्ष जताया। इस अवसर पर सन्तोष कुमार ने छात्रा को नकद राशि देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि पूर्व में शशि भूषण ने गणतंत्र दिवस पर नचिता जाट को व अंजू जाट को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित कर चुके हैं और आगे भी विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता रहेगा।

# संगठन पर्व के तहत टोंक के चार समेत भाजपा के सात मण्डल अध्यक्ष घोषित

- पंडित दीनदयाल मंडल टोंक में विष्णु चावला बने मण्डल अध्यक्ष
- संगठन पर्व अधिकारी हीरेन्द्र शर्मा ने राय शुमारी के बाद की घोषणा

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। भारतीय जनता पार्टी टोंक के संगठन पर्व अधिकारी हीरेन्द्र शर्मा ने बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता की मौजूदगी में कार्यकताओं से राय शुमारी के बाद भाजपा के ७ मण्डल अध्यक्षओं की सर्व सहमति से घोषणा की है। इनमें टोंक विधानसभा के चार, निवाई के एक व देवली-उनियारा के दो मंडल शामिल है। भाजपा जिला प्रवक्ता रामअवतार धाभाई ने बताया कि पंडित दीनदयाल मंडल टोंक में विष्णु चावला, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में भगवान दास सैनी, मेहन्दवास मंडल में धर्मराज चौधरी, बरवास मंडल में जितेन्द्र गुर्जर, देवली देहात मंडल में विनोद माहुर, नासिरदा मंडल में नारायण धाकड़ एंव गहलोद मंडल में देव शंकर गुर्जर को अध्यक्ष बनाया गया है।

इससे पहले सर्किट हॉउस में कार्यकताओं की बैठक भी हुई। बैठक के बाद जिले भर से आए हुए कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में मंडल अध्यक्षओं एवं मंडल प्रतिनिधियों की घोषणा के बाद सभी मण्डल अध्यक्षो का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल जैन, जिला महामंत्री दीपक संगत, महेन्द्र चौधरी, खेमराज मीणा, ओमप्रकाश पांडे, शैलेन्द्र जैन, रमेश गढ़वाल, प्रवक्ता रामअवतार धाभाई, गौरव चारण, विजयसिंह राजावत, पुष्पेन्द्र जैन, अनिल शर्मा, जय नारायण वर्मा, सीताराम चावला, राहुल शर्मा, कालू बागड़ी, अंकित शर्मा, प्रियवीर सिंह राठौड़, खुर्रम, विजय चावला, तरुण टिक्कीवाल, तारिक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 'मरू उड़ान' कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# छात्राओं को शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य सहित साइबर एवं आत्म रक्षा के लिए किया जागरूक

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। जिले के निवाई ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'मरू उड़ान'कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान मरु उड़ान कार्यक्रम बाड़मेर जिले में नवाचार के रूप में जिला कलेक्टर की पहल पर शुरू किया गया था, जिसके बाद सरकार द्वारा राज्य के सभी जिलों में उक्त कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसी श्रृंखला में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करेड़ा की कक्षा 8 से कक्षा 12 तक की छात्राओं के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीरा चौधरी एवं प्रज्ञा मोटवानी पर्यवेक्षक, महिला अधिकारिता विभाग ने छात्राओं को मरु उड़ान कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय देकर छात्राओं से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, वित्तीय प्रबन्धन, साइबर सुरक्षा, आत्म रक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की। प्रधानाचार्या भवानी शंकर दरोगा, राधेश्याम गोस्वामी एवं उप-प्रधानाचार्य राकेश कुमार मीना ने छात्राओं कोहेल्पलाइन नंबरों की जानकारी याद रखने एंव अन्य से भी साझा करने हेतु अपील की। बालिकाओं को महिला अधिकारिता विभाग की काली बाई शिक्षा सेतु योजना, निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र, सखी वन स्टॉप सेंटर आदि की जानकारी भी दी गई। इस दौरान करेड़ा ग्राम साथिन सुशीला मीणा, दत्तवास ग्राम साथिन सरिता मीणा भी मौजुद रही।

### टोंक की जिला प्रमुख का पांच दिवसीय केरल स्टडी यात्रा के लिए हुआ चयन

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। टोंक की जिला प्रमुख सरोज बसंल पांच दिवसीय केरल स्टडी यात्रा के लिए राजस्थान सरकार के पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के साथ 13 फरवरी गुरूवार को हवाई मार्ग से केरल जाऐगी। सरोज बंसल पूरे प्रदेश से अकेली जिला प्रमुख है, जिनका इस यात्रा के लिए चयन हुआ है। जिला प्रमख के निजी सहायक हेमराज साहू ने बताया कि इन्द्रा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान राजस्थान जयपुर के माध्यम से एक्सपोजर विजिट पंचायती राज मंत्री के नेतृत्व में 15 सदस्यों का दल केरल जायेगा, जिसमें टोंक जिला प्रमुख सरोज बसंल के अलावा टोंक से पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बसंल का भी चयन किया गया है। यह दल 13 से 17 फरवरी तक केरल में रहकर वहां के सशक्त पंचायती राज का अध्ययन करेगा। ज्ञात है कि केरल में ग्राम पंचायत सशक्त एवं आत्म निर्भर है, जो स्वयं ग्रामीण विकास एवं शिक्षा चिकित्सा एवं अन्य विकास योजनाओं का सशक्त रूप से संचालन करती है।

## रामचरण महाराज की हर्षोल्लास के साथ मनाई 305वीं जयंती

### महिला-पुरूषों ने रामनिवास महाराज सहित सभी संतों का लिया आशीर्वाद

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा स्थानीय सभा टोंक के तत्वावधान में रामस्नेही सम्प्रदाय के संत शिरोमणी स्वामी जी श्री रामचरण जी महाराज की 305 वीं जयन्ति रामद्वारा के संत रामनिवास जी महाराज के सानिध्य में धूमधाम से रामद्वारा में मनाई गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन कर नृत्य किया गया। अध्यक्ष रमेश कुमार विजयवर्गीय मेहन्दवास एवं महामंत्री राजेन्द्र विजयवर्गीय ने बताया कि संत रामनिवास जी महाराज ने वाणी जी के पाठ के बाद स्वामी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर महिला-पुरूषों ने सन्त रामनिवास जी महाराज एवं सभी संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मोके पर पूर्व अध्यक्ष शिव प्रसाद विजयवर्गीय, पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीताराम विजयवर्गीय, रामजी लाल, द्वारका मुडिया, राधेश्याम डारडा, मिडिया प्रभारी अनिल विजय, पप्पू विजय, बद्री ताखोली, सुरेश बीणजारी, सत्य नारायण लवादर, रामचरण जयंती संयोजक सत्य नारायण सींदड़ा, युवा संयोजक ओमप्रकाश विजयवर्गीय (रोहित), महिला संयोजिका सुमन विजयवर्गीय बासेड़ा, बाबूलाल संडीला, रमेश चन्द विजयवर्गीय, शंकर सांखना, राजू संडीला, राधेश्याम देवपुरा, रामवतार हरिपुरा, अशोक गांधी, हेमराज सांखना, गोविन्द विजय, मंजू विजयवर्गीय, अंजु विजयवर्गीय, रचना विजयवर्गीय आदि मौजूद थे।

## उपखण्ड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने किया औचक निरीक्षन

पावटा (सीमा संदेश संवाददाता)। उपखण्ड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने बुधवार को भू. अ. नि.पटवार मण्डल टसकोला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 4 कार्मिक अनुपस्थित मिले एवं भू. अ. नि. पटवार मण्डल एवं सहायक कृषि अधिकारी कृषि विभाग के कार्यालय बन्द मिले। उपखंड अधिकारी ने अनुपस्थित कार्मिकों एवं बन्द मिले कार्मिकों के अधिकारी कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किये। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी के साथ तहसीलदार संजय कुमार उपस्थित रहे।


**हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 09, सामुदायिक केंद्र, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली-110057.
शाखा कार्यालय: कार्यालय नं. 402, चौथी मंजिल, आम्रपाली प्लाजा, आम्रपाली सर्कल, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान-302021.

**शुद्धिपत्र**

यह इस समाचार पत्र में दिनांक 11.02.2025 को ऋणधारक हुसैन खान (ऋण खाता संख्या HHF-BAWHOU21000016649 और HHFBAWLAP22000027035) के विरुद्ध प्रकाशित नीलामी सूचना विज्ञापन के संदर्भ में है, जिसमें बयाना राशि गलती से रुपये 25,50,000 के रूप में प्रकाशित की गई है, जबकि सही बयाना राशि रुपये 2,55,000 है। अन्य सभी विवरण समान रहेंगे।

दिनांक: 13/02/2025 कृते हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए, प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: अजमेर श्री धीरेन्द्र सिंह, मोबाइल- 9587033317 ईमेल; assetdisposal@herohfl.com

**शुद्धिपत्र**

**एडेलवेइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
CIN: U67100MH2007PLC174759
रिटेल सेंट्रल और पंजीकृत कार्यालय: एडेलवेइस हाउस, ऑफ सीएसटी रोड, कलिना, मुंबई 400098

22.01.2025 को 'इंडियन एक्सप्रेस' अंग्रेजी और 'सीमा संदेश' हिंदी समाचार पत्र में राजेंद्र कुमार प्रजापत "XMHDJMT00067509" और मैसर्स श्री सिद्धि विनायक एंटरप्राइजेज-1333379 के खातों में संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी नोटिस प्रकाशित किया गया था, जो 05.03.2025 को आयोजित किया जाना था, अब रद्द कर दिया गया है

दिनांक: 13-02-2025 हस्ता/प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: जयपुर कृते एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

Edelweiss

**सेवा गृह ऋण लिमिटेड**

Sitara A SEWA INITIATIVE

रजि. कार्यालय: प्रथम तल, 216/सी-12, पुराना नं. सी-12, प्लॉट नं. 13-बी, गुरु नानक पुरा, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092, जीएसटी 07AAQCS08701Z2
कार्पोरेट कार्यालय: बिल्डिंग नं. 8, टावर-सी, 8वीं मंजिल, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम-122002, ईमेल आईडी eauction@sgrlimited.in जीएसटी 06AAQCS0870H1Z4

1. सेवा गृह ऋण लिमिटेड, प्राधिकृत अधिकारी, जितेंद्र कुमार शर्मा और संपर्क नंबर 8890020777, ईमेल आईडी eauction@sgrlimited.in 2. नीलामी सेवा प्रदाता सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, संपर्क व्यक्ति बालाजी मन्नूर, मोबाइल नंबर। 7977701080, ईमेल आईडी mannur.govindarajan@c1india.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम, 2002 के नियम 8(6) व 8(7) के साथ पठित नियम 9(1) देखें ]**

सेवा गृह रिन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सामान्य रूप से आमजन को और विशेष रूप से ऋणधारकोंऔर गारंटरों को सूचित किया जाता है कि सेवा गृह ऋण लिमिटेड (सुरक्षित ऋणदाता) को गिरवी रखी गई नीचे दी गई संपत्तियों का भौतिक कब्जा पहले ही वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के प्रावधानों के तहत ले लिया गया है और चूंकि सुरक्षित ऋणदाता वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से ऋणधारक, सह-ऋणधारकों और बंधककर्ताओं से देय राशि (आगे ब्याज, प्रभारों आदि के साथ) की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित संपत्तियों को ई-नीलामी में रखा जाएगा।
अधोहस्ताक्षरी द्वारा अचल संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव/बोलियां आमंत्रित की जाती हैं, जैसा कि नीचे वर्णित है, जो भौतिक कब्जे में है को 'जैसा है जहां है' के आधार पर', 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो है वह है के आधार पर', और 'बिना रिकोर्स के आधार' पर क्योंकि ऐसी बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना होती है। नीचे उल्लिखित संपत्तियों को वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा और एसजीआरएल द्वारा अनुमोदित ऑनलाइन नीलामी सेवा प्रदाता 'सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| निरीक्षण दिनांक एवं समय: | 10/03/2025 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक |
| बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: | 13/03/2025 शाम 5:00 बजे तक |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय: | 15/03/2025 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक |

| | ऋणधारक/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता/गारंटरों | बकाया राशि (रु.) | अचल सम्पत्ति का विवरण (सुरक्षित आस्तियों) | आरक्षित मूल्य (आरपी) बयाना राशि जमा (ईएमडी) (आरपी का 10 प्रतिशत) | न्यूनतम वृद्धिशील बोली मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मंजू बाई पत्नी जसवन्त सिंह जसवन्त सिंह पुत्र नन्द सिंह राज बाई पत्नी नंद सिंह नंद सिंह पुत्र गोपाल सिंह शिवराज सिंह सो नंद सिंह दशरथ सिंह पुत्र नंद सिंह बहादुर सिंह पुत्र नंद सिंह | 30.06.2022 के अनुसार ऋण खाता संख्या HLP200000739 में रुपये 2,62,854.23/-(रुपये दो लाख बासठ हजार आठ सौ चौवन और तेईस पैसे) | सर्वे नं. 983, हरिओम नगर, कच्ची बस्ती सांवरिया मंदिर के पास, आनंदपुरा, फूटा तालाब, पीआईपी कोटा, राजस्थान 324005 क्षेत्र 988.75 स्क्वैयर फीट | Rs. 18,77,448/- Rs. 1,87,745/- | Rs. 10,000/- |
| 2. | मंजू बाई जटिया पत्नी नारायण लाल जटिया नारायण लाल जटिया पुत्र सोहन लाल प्रेम कुमार जटिया पुत्र किशन लाल | 30.09.2022 के अनुसार ऋण खाता संख्या No.HLP100002170 में रुपये 4,14,440.32/-(रुपये चार लाख चौदह हजार चार सौ चालीस पैसे) | रोजड़ा गांव, तहसील एवं जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312201 क्षेत्र 1035 स्क्वैयर फीट | Rs. 8,79,370/-/- Rs. 87,937/- | Rs. 10,000/- |
| 3. | प्रेम बाई पत्नी घासी लाल घासी लाल पुत्र बिहारी लाल धनराज गुर्जर पुत्र फोरू लाल | 30.06.2022 के अनुसार ऋण खाता संख्या LAP100001755 में रुपये 3,10,152.07/-(रुपये तीन लाख दस हजार एक सौ बावन व पैसे सात ) | खसरा नं. 343, ग्राम बोरखेड़ा, ग्राम पंचायत मांगली कला, पंचायत समिति हिंडोली, बूंदी, राजस्थान 323023 क्षेत्रफल 1375 स्क्वैयर फीट | Rs. 6,67,000/- Rs. 66,700/- | Rs. 10,000/- |
| 4. | सीमा देवी पत्नी बक्शु लाल गुर्जर बक्शु लाल गुर्जर पुत्र पोखर लाल कान सिंह पुत्र सोहन लाल | 30.09.2022 के अनुसार ऋण खाता संख्या HLP100004449 में रुपये 4,82,552.92/-(रुपये चार लाख बियासी हजार पांच सौ बावन व पैसे बानवे पैसे) | पट्टा नं. 14, ग्राम पंचायत मैजा, पंचायत समिति मांडल, भीलवाड़ा, राजस्थान 311403 क्षेत्र 1960 स्क्वैयर फीट | Rs. 7,84,000/- Rs. 78,400/- | Rs. 10,000/- |
| 5. | अनिता बाई पत्नी चेतराम गुर्जर चेतराम पुत्र प्रभु जगदीशी बाई पत्नी प्रभु लाल प्रभु लाल पुत्र भोजा जी धर्मराज पुत्र रहाय लाल गुर्जर | 30.06.2022 के अनुसार ऋण खाता संख्या LAP100002456 में रुपये 2,72,190/-(रुपये दो लाख बहत्तर हजार एक सौ नब्बे ) | पट्टा नं. 15481, खसरा नं. 343, रकबा नं. 9-17, बालाजी मंदिर के पास, बोरखेड़ा गांव, ग्राम पंचायत मांगली कला, पंचायत समिति हिंडोली, जिला बूंदी, राजस्थान 323023 क्षेत्रफल 920 स्क्वैयर फीट | Rs. 4,57,000/- Rs. 45,700/- | Rs. 10,000/- |
| 6. | गीता देवी पत्नी भोमराम नायक भोमराम नायक पुत्र गिरधारी राम मुन्नीराम भील पुत्र गोपाल राम भील | 31.08.2022 के अनुसार ऋण खाता संख्या LAP100004126 में रुपये 2,26,979.33/-(रुपये दो लाख छब्बीस हजार नौ सौ उनासी व पैसे तैतीस पैसे) | पट्टा नं. 38, ग्राम नापासर, पंचायत समिति बीकानेर, राजस्थान 334201 क्षेत्रफल 419.71 स्क्वैयर फीट | Rs. 10,30,161/- Rs. 1,03,017/- | Rs. 10,000/- |
| 7. | चंचल पत्नी प्रकाश (रेगर) प्रकाश (रेगर) पुत्र भोम राम दीपक कुमार नोगिया पुत्र गोपाल प्रसाद नोगिया हुकमाराम पुत्र भोमराम | 30.09.2022 के अनुसार ऋण खाता संख्या LAP100000177 में रुपये 1,81,194.49/-(रुपये एक लाख इक्यासी हजार एक सौ चौरानवे व पैसे उनचास) | पट्टा नं. 27, ग्राम सरगांव, ग्राम पंचायत सरमालिया, थाना जवाजा, राजस्थान 305901 क्षेत्र 540 स्क्वैयर फीट | Rs.3,99,000/- Rs. 39,900/- | Rs. 10,000/- |
| 8 | मदन कंवर पुत्र मनोहर लाल मनोहर सिंह पुत्र अमर सिंह भैरू सिंह पुत्र मनोहर सिंह गायत्री कवर पुत्र भैरू सिंह सुरेश चंद वैष्णव पुत्र लादू दास | 30.09.2022 के अनुसार ऋण खाता संख्या HLP100006530 में रुपये 3,05,569.21/-(रुपये तीन लाख पांच हजार पांच सौ उनहत्तर व पैसे इक्कीस ) | पट्टा नं. 31, ग्राम एवं ग्राम पंचायत राक्षी, पंचायत समिति बनेड़ा, भीलवाड़ा, राजस्थान 311401 क्षेत्र 93.49 स्क्वैयर यार्ड | Rs. 7,48,094/- Rs. 74,810/- | Rs. 10,000/- |
| 9 | सुनीता पत्नी ओम प्रकाश ओम प्रकाश पुत्र पुष्पचंद भैरव | 08.2019 के अनुसार ऋण खाता संख्या LAP200000333 में रुपये 3,19,142.08/-(रुपये तीन लाख उन्नीस हजार एक सौ बियालीस व पैसे आठ) | वार्ड नंबर 9, ब्राह्मण मोहल्ला, जनरल स्टोर के पास, हनोतिया, जिला कोटा, राजस्थान क्षेत्र 1450 स्क्वैयर फीट | Rs. 9,73,000/- Rs. 97,300/- | Rs. 10,000/- |

**नियम और शर्तें:**
1. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, किसी भी संपत्ति पर कोई भार नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, नीलामी में रखी गई संपत्तियों के शीर्षक, दावों/अधिकारों/बकाया/संपत्ति को प्रभावित करने के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन कंपनी की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है, चाहे कंपनी को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकार/बकाया/बकाया वैधानिक बकाया/कर आदि के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
2. यह बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी कि वे बोली जमा करने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में निरीक्षण करें और संतुष्ट हों। नीलामी में रखी गई संपत्तियों के निरीक्षण की अनुमति इच्छुक बोलीदाताओं को प्रत्येक संपत्ति विवरण के सामने उल्लिखित साइटों पर दी जाएगी।
3. इस ई-नीलामी में सभी इच्छुक प्रतिभागियों को बोली/निविदा प्रपत्र भरना होगा और अंतिम तिथि को या उससे पहले आरक्षित मूल्य से ऊपर 10% की ईएमडी के साथ जमा करना होगा। सभी प्रतिभागियों/बोलीदाताओं को ऑनलाइन नीलामी सेवा प्रदाता 'सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के वेब पोर्टल पर अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करनी होंगी और उच्चतम बोली लगाने वाले को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा जिसके पक्ष में उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति की बिक्री होगी। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत की गई बोलियां/अपूर्ण बोलियां अस्वीकार कर दी जाएंगी। विवरण के लिए कृपया मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के उपरोक्त व्यक्तियों से https://www.bankeauctions.com पर संपर्क करें; संपर्क व्यक्ति श्री बालाजी मन्नूर, मोबाइल नं. 7977701080 सपोर्ट नं. 07291981124/25/26, ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com; mannur.govindarajan@c1india.com.
4. ऑनलाइन बोलीदाता इस बात से सहमत है कि एक बार जब उसने अधिकृत अधिकारी के समक्ष औपचारिक रूप से एक योग्य बोली पंजीकृत कर ली है, तो उसे यह दस्तावेज जमा करके ई-नीलामी बोली मंच के माध्यम से भाग लेने के लिए अपनी रुचि व्यक्त करनी होगी। नीलामी सेवा प्रदाता से अपना लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना निविदाकर्ता/ऑनलाइन बोलीदाता की एकमात्र जिम्मेदारी होगी। बोली प्रपत्र के साथ निम्नलिखित केवाईसी दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न की जाएंगी (i) पैन कार्ड (ii) आधार कार्ड/पासपोर्ट (iii) वर्तमान पते का प्रमाण (iv) वैध ई-मेल आईडी (v) संपर्क नंबर (मोबाइल/लैंडलाइन) (vi) नीलामी में भाग लेने के लिए बोर्ड का संकल्प (किसी कंपनी के लिए) आदि। उक्त दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां ऊपर बताई गई ई-मेल आईडी पर जमा की जाएंगी। विवरण के लिए कृपया मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के उपरोक्त व्यक्तियों से https://www.bankeauctions.com पर संपर्क करें; संपर्क व्यक्ति श्री. बालाजी मन्नार, मोबाइल नं. 7977701080, सपोर्ट नं. 07291981124/25/26, ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com; mannur.govindarajan@c1india.com.
5. बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/एनईएफटी/फंड ट्रांसफर के माध्यम से (जिसकी रसीद बोली के साथ संलग्न की जाएगी) 13 मार्च, 2025 को शाम 5:00 बजे तक एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित खाते में जमा की जाएगी, खाता धारक का नाम सेवा गृह ऋण लिमिटेड, खाता संख्या 50200006638680, आईएफएससी कोड: एचडीएफसी0001563 या डीडी/पे ऑर्डर के माध्यम से 'सेवा गृह ऋण लिमिटेड' के पक्ष में और 8वीं मंजिल, टॉवर सी, बिल्डिंग नंबर 8, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम - 122002 पर प्राधिकृत अधिकारी को संबोधित किया गया।
6. जो बोली प्रपत्र भरे नहीं गए हैं या अंतिम तिथि के बाद ईएमडी प्राप्त हुए हैं, उन्हें अमान्य माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। यदि इस ई-नीलामी का सफल बोलीदाता, सरफेसी नियम, के नियम 9(3) के नियम 2002 अनुसार प्रस्ताव/बोली स्वीकार होने पर तुरंत या उसके एक दिन बाद बिक्री मूल्य/बोली मूल्य (ईएमडी सहित) का 25% भुगतान करने में असमर्थ है या सफल बोलीदाता घोषित होने के बाद नीलामी से हटना चाहता है, तो यह ईएमडी सुरक्षित ऋणदाता/एसजीआरएल को जब्त कर ली जाएगी। असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी।
7. बिक्री मूल्य/बोली मूल्य का शेष 75% भुगतान वित्तीय संस्थान/सेवा गृह ऋण लिमिटेड द्वारा बिक्री की पुष्टि के 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर या लिखित रूप में सहमति के अनुसार विस्तारित अवधि के भीतर करना होगा और यह केवल प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्भर करेगा, ऐसा न करने पर क्रेता/बोलीदाता द्वारा पहले ही भुगतान/जमा की गई राशि संपत्ति के सभी दावों या उस राशि के किसी भी हिस्से के साथ जब्त कर ली जाएगी बाद में बेचा जा सकता है जिसके लिए यह किया गया है। बिक्री मूल्य के भुगतान के समय और संबंधित समयसीमा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया सरफेसी नियम 2002 के नियम 9(3), 9(4) और 9(5) देखें।
8. किसी भी स्थिति में संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। सुरक्षित लेनदार द्वारा बोली की स्वीकृति के अधीन, संपत्ति उच्चतम बोली लगाने वाले को बेची जाएगी।
9. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया बोली जमा करने और ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने से पहले हमारी वेबसाइट www.sgr-limited.in और https://www.bankeauctions.com देखें।
10. ऋणधारक/गारंटर इसे प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8(6) के तहत नोटिस के रूप में मान सकते हैं और उन्हें इस नोटिस की तारीख से 30 दिनों के भीतर उपरोक्त बताए अनुसार पूरी देनदारी (अतिरिक्त ब्याज और प्रासंगिक व्यय, आज तक की लागत सहित) का निर्वहन करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर नीलामी सेवा प्रदाता के ऑनलाइन पोर्टल पर संपत्ति ऊपर उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार बेची जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए, उपर्युक्त कार्यालय पते पर प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

दिनांक: 12-02-2025
स्थान: गुरूग्राम, हरियाणा

हस्ता/-
सेवा गृह रिन लिमिटेड के लिए
प्राधिकृत अधिकारी


# पावटा उप डाकघर में मीटिंग का आयोजन किया

सीमा संदेश संवाददाता

पावटा। डी गुप्ता अधीक्षक डाकघर जयपुर देहात मंडल एवं सुनील कुमार सहायक अधीक्षक शाहपुरा उपखंड की उपस्थिति में पावटा उप डाकघर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया । जिसमें पोस्ट मास्टर छगन लाल बुनकर तथा उनका स्टाफ व सभी शाखा डाकपाल; प्रागपुरा व राजनोता उप डाकघर के सभी शाखा डाकपालों ने भाग लिया मीटिंग में अधीक्षक डाकघर द्वारा आगामी 21 मार्च 2024 को आयोजित होने वाले बचत बैंक योजना डाक कैंप के लक्ष्य बाबत सभी को अवगत एवं निर्देशित किया गया तथा उनको दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने बाबत प्रेरित किया गया । कैंप हेतु सभी शाखा डाकपालों को अधिक से अधिक बचत खाते, सुकन्या समृद्धि खाते, आरडी खाते तथा जीवन बीमा प्रस्ताव अधिक से अधिक संख्या में एकत्र करने बाबत लक्ष्य दिया गया है ।

**अधीक्षक ने शाखा डाकघरों में डाक-**वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु डाक को शाखा डाकघर डिवाइस के माध्यम से समय पर वितरित करने के दिशानिर्देश भी दिए । साथ ही अधीक्षक डाकघर ने आधार काउंटर का विजिट करते हुए अधिक से अधिक आधार लेनदेन करने बाबत निर्देशित किया मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा शाखा डाकपालों एवं डाक वितरको को अधिक से अधिक लाभार्थियों के पंजीयन बाबत निर्देशित किया गया । बता दे कि हाल ही में अंतरिम बजट के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की शुरूआत की गई है, जिसमें प्रत्येक घर के लिए 300 यूनिट बिजली प्रतिमाह मुफ्त देने की योजना है ।

लाभार्थी को अपने घर पर 1 किलोवाट से लेकर 3 किलो वाट क्षमता तक का सोलर पैनल लगाना होगा, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा ?30000 से लेकर 78000 तक की सब्सिडी दी जाएगी और पूरे भारतवर्ष में एक करोड़ परिवारों को इसमें सम्मिलित करने का लक्ष्य है । इस योजना हेतु सभी लाभार्थियों का पंजीयन संपूर्ण भारतवर्ष में डाकघरों के माध्यम से किया जाएगा । लाभार्थियों को इस योजना से जुड़ने एवं इसका लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी डाकघर या शाखा डाकघर से संपर्क करते हुए 10 मार्च तक अपना पंजीयन करवाना सुनिश्चित करना है ।